बाल भवन के ग्रीष्मोत्सव में नौनिहाल लेंगे भाग

बच्चों की आकांक्षाओं व रचनात्मक विकास में मिलेगी मदद

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय बाल भवन हर साल की तरह इस बार भी ग्रीष्मोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बच्चों की व्यक्तिगत आकांक्षाओं में विकास के लिए रचनात्मक कला प्रदर्शन कला, विज्ञान गतिविधियों और अन्य नवीन गतिविधियों मदद की जाती है।

ग्रीष्मोत्सव राष्ट्रीय बाल भवन का एक वार्षिक कार्यक्रम है जिसमें हर साल हजारों बच्चे भाग लेते हैं। इस वर्ष राष्ट्रीय बाल भवन में 29 मई 2024 से 28 जून 2024 तक ग्रीष्मोत्सव आयोजित कर रहा है जो भरप आनंद और उत्साह से भरा होगा। ग्रीष्मोत्सव के लिए प्रति बालक सदस्यता 200 प्रति वर्ष का भुगतान करके अपना नामांकन करा सकते हैं। जबकि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और दिव्यांग श्रेणी के बच्चों के लिए सदस्यता निशुल्क है। राष्ट्रीय बाल भवन पूरी दिल्ली में केवल ग्रीष्मोत्सव के लिए 800 रुपये की दर से परिवहन सुविधा (पिक एंड ड्रॉप) प्रदान करता है। राष्ट्रीय बाल भवन ग्रीष्मोत्सव के दौरान हर सप्ताह विशेष सभाओं का भी आयोजन करता है जहां बच्चों को अपने कौशल/प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है। उन्होंने कम समय में निखारा है। इससे उन्हें अपना आत्मविश्वास बढ़ाने और अपनी रचनात्मकता बढ़ाने में मदद मिलती है। साथ ही, प्रतिष्ठित कलाकारों अतिथियों को भी इन विशेष सभाओं में आमंत्रित किया जाता है। वे अपने प्रेरणादायक शब्दों के माध्यम से बच्चों को प्रेरित करते हैं ताकि बच्चे अपने जीवन पर गहराई से विचार कर सकें।

प्रतीकात्मक फोटो